卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ।
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 198 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦28 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


## पर्यटकों की कार खाई में गिरने से मासूम बच्ची की मौत, चार घायल

पौड़ी( उद संवाददाता)। शनिवार देर रात लैंसडौन धूरा मार्ग पर एक पर्यटक वाहन हादसे का शिकार हो गया। यात्रियों की कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गहरे खड्डे में जा गिरी। हादसे में एक तीन वर्षीय बच्ची की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक पर्यटक रोहतक,हरियाणा से लैंसडौन घूमने आए थे। यहां वह धूरा स्थित एक रिजॉर्ट में रुके (शेष पृष्ठ सात पर)



### नहाते समय गंगा में डूबे दो पर्यटक

ऋषिकेश( उद संवाददाता)। लक्ष्मण झूला क्षेत्र में गंगा में नहाते समय एक युवक और एक युवती तेज बहाव में बह गए। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ और जल पुलिस ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया लेकिन दोपहर तक उनका कोई सुराग नहीं लगा। लक्ष्मण झूला पुलिस के मुताबिक बताया कि दिल्ली से आठ लोगों का ग्रुप (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रक का टायर फटने से चालक की मौत

### पंचर टायर को बदलते समय हुआ हादसा



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर मार्ग पर महतोष चौकी के पास ट्रक का पंचर टायर बदलते समय अचानक दूसरा टायर फट जाने से ट्रक चालक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मौहल्ला अल्ली खां काशीपुर निवासी 40 वर्षीय बॉबी उर्फ रौनक पुत्र जौहर अली रविवार प्रात: ट्रक संख्या एचआर 69 सी 5779 को लेकर काशीपुर से रूद्रपुर की ओर आ रहा था। मार्ग में ट्रक के पीछे का एक टायर पंचर हो गया। महतोष चौकी के पास पहुंचने पर उसने आस पास पंचर ठीक करने दुकान तलाश की । जब कोई नहीं मिला तो चालक बॉबी खुद ही टायर को बदलने (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्याज सप्लाई के नाम पर 31 लाख की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्याज सप्लाई के नाम पर एक व्यक्ति द्वारा महिला उद्यमी से लाखों रूपये ठग लिए गये। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में माधवी पचौरी पत्नी चन्द्राकान्त शर्मा पुत्री स्व. कमलेश पचौरी मूल निवासी भिन्ड, मध्य प्रदेश,हाल निवासी निकट शिव शक्ति मंदिर आवास विकास रुद्रपुर ने कहा है कि वह मैसर्स श्री बालाजी इण्टर प्राईजेज के नाम से व्यवसायिक फर्म चलाती है। फर्म स्पेयर पार्टस एवं प्याज खरीद एवं विक्रय का कार्य करती है । उसका कहना है एक व्यक्ति अभिजीत घोष पुत्र माखन लाल घोष निवासी ईटालगाछा, 24 उत्तरी परगना पश्चिम बंगाल द्वारा उसकी फर्म के प्रतिनिधि सौरभ राय के माध्यम से उससे सम्पर्क कर बताया कि वह मैसर्स ग्लोबल लाईजेनिंग वैंचर के नाम से फार्म चलाता है और उनकी फर्म का कार्यालय गूहा रोड, दमदम कलकत्ता पश्चिम बंगाल में है। फर्म मे प्याज आदि का विक्रय करते है । उसने अपनी फर्म का प्याज बेचने का प्रस्ताव रखते हुए बताया कि उनकी फर्म के पास बडी मात्रा में प्याज का स्टॉंक है और वह उचित दामो पर प्याज उपलब्ध करा सकता है। अभिजीत घोष की बातो पर विश्वास करके उसकी फर्म से प्याज खरीदने पर सहमति दे दी । अभिजीत घोष द्वारा प्याज अग्रिम भुगतान के उपरान्त 15 दिनो के अन्दर प्याज उपलब्ध कराने का वादा किया । जिसके बाद अपनी फर्म श्री बालाजी इण्टर प्राईजेज के नाम से कुल 34,67,709 रुपये का चैक द्वारा भुगतान किया गया । उक्त धनराशि के मध्य अभिजीत घोष द्वारा फर्म को 5 नवम्बर 2020 को 3,64,278 रुपये का प्याज सप्लाई किया। 31,03,431रुपये अभिजीत घोष की ओर आज तक बकाया चला आ रहा है। अभिजीत घोष को बार बार कहने के बावजूद भी वह लगातार टाल मोटल करता आ रहा है और उक्त धनराशि प्राप्त करने के बावजूद अभिजीत घोष द्वारा प्याज की सप्लाई नही की गयी है । माधवी का कहना है कि संदेह होने पर जानकारी ली तो पता चला कि अभिजीत घोष (शेष पृष्ठ सात पर)

## सिडकुल ट्रक चालक की संदिग्ध मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल की एक फैक्ट्री से बाईक लेने आये ट्रक चालक की हालत अचानक तेजी से बिगड़ गई । उसे उपचार के लिए किच्छा चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक जानकारी ली और शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साथ ही घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। बताया जाता है कि मुल रूप से ग्राम मूसेपुर गिरंट पोस्ट सीहगई कारीरात, थाना अकबरपुर जिला अम्बेडकरनगर उप्र निवासी 47 वर्षीय त्रिवेणी यादव पुत्र वंशराज ग्राम आनन्दपुर स्थित एसके सप्लायर्स में करीब 15 वर्ष से ट्रक चालक पद पर कार्यकर रहा था और सिडकुल की एक फैक्ट्री से बाईक लेकर झारखण्ड जाता था। बताया जाता है कि वह शनिवार को बाईक लेने यहां आया था और ट्रक संख्या यूपी 78 एचएम 5082 में फैक्ट्री जाने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान गत सायं उसकी तबीयत अचानक तेजी से बिगड़ गई। साथी लोग उसे उपचार के लिए तत्काल किच्छा राजकीय चिकित्सालय ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चालक त्रिवेणी की मौत की जानकारी मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक जानकारी ली और शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साथ ही घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। मृतक चालक की पत्नी व तीन बच्च 17 वर्षीय नितेश, 19 वर्षीय निधि व 14 वर्षीय निशी हैं। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने बताया कि मृतक त्रिवेणी पूर्व में अस्थमा रोग से पीड़ित था।



## आतंक का पर्याय बनी बाघिन को किया ट्रैंकुलाइज

रामनगर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम बांसीटीला में 18 अप्रैल की शाम को खेत में काम कर रहे किसान को निवाला बनानाने वाले बाघ को कॉर्बेट प्रशासन ने ट्रेंकुलाइज कर पकड़ लिया है। बाघ के पकड़े जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है। बता दें 18 अप्रैल की शाम कॉर्बेट पार्क के अंतर्गत आने वाले बांसीटीला गांव में बाघ ने खेत में काम कर रहे प्रमोद तिवारी को अपना निवाला बना लिया था,वहीं घटना के बाद से ग्रामीण काफी डरे हुए थे। साथ ही ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ हंगामा भी किया था। ग्रामीण बाघ (शेष पृष्ठ सात पर)



## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

काशीपुर( उद संवाददाता)। युवक ने बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद उसे परिजनों की सुपुर्द कर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक वार्ड नंबर 11 भावना इस्लामनगर बाजपुर निवासी पैंतीस वर्षीय आनंद राम पुत्र स्वर्गीय बच्ची राम पिछले कुछ दिनों से किसी बात को लेकर मानसिक तनाव में था। बताया जा रहा है कि बीते शनिवार की शाम उसने मौका पाकर खुद को कमरे में बंद कर लिया और पंखे में साड़ी से फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी परिजनों को मिलने पर उनमें कोहराम मच गया। मामले की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली उसमें तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया। मृतक के एक नव वर्ष का पुत्र आयुष है तथा 2 वर्ष का एक और पुत्र है। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।

### संदिग्ध हालातों में अधेड़ की जान गयी

काशीपुर। हल्द्वानी में मुखानी थाना क्षेत्र के हरीपुर नायक इलाके में रहने वाले एक अधेड़ उम्र व्यक्ति की बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कमल पंत नामक मृतक का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। घटना संदिग्ध प्रतीत होती है क्योंकि पोस्टमार्टम पहुंचे मृतक के परिजन व एक संबंधी से जब इस बारे में प्रतिनिधि ने जानकारी लेने का प्रयास किया तो दोनों झगड़ा फसाद पर उतारू हो गए। मृतक का संबंधी उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत चरितार्थ करने लगा।

### आपे से बाहर हैं कटोराताल चौकी इंचार्ज

काशीपुर। पुलिस पत्रकारों से तो सहयोग की अपेक्षा रखती है लेकिन जब पत्रकारों के सहयोग का समय आता है तो पुलिस पल्ला झाड़ जाती है या फिर कहिए कि भेदभाव की भावना के कारण परोक्ष अपरोक्ष रूप में अहित करने का प्रयास करती है। ऐसा ही एक मामला आज घटित हुआ जब अपराधिक खबरों को संकलित करने के उद्देश्य से पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे पत्रकार से मृतक के (शेष पृष्ठ सात पर)

## रंगदारी प्रकरण को लेकर जनमानस में चर्चाओं का बाजार गरम

### रंगदारी का आरोप लगाने वाले राजेश बोले-एक नेता के बहकावे में आकर लगाया था झूठा आरोप,किसी ने नही मांगी रंगदारी



रूद्रपुर( उद संवाददाता)। शहर में बीते दिनों सुर्खियों में आये रंगदारी प्रकरण में अब नया मोड़ आ गया है। कल तक एक-दूसरे पर रंगदारी का आरोप लगाने वाले अब इस मामले को निपटाये बैठे है। विधायक के नाम पर रंगदारी की मांग का आरोप लगाने वाले पूर्व सभासद राजेश सिंह ने एक वीडियो संदेश जारी कर सफाई दी है। उसका कहना है कि पूर्व जनप्रतिनिधि के बहकावे में आकर उसने रंगदारी का आरोप लगाया था, वास्तव में न तो उससे किसी ने रंगदारी मांगी और न ही उसने किसी से रंगदारी की मांग की। लेकिन उसकी यह बात आम जनमानस को गले नही उतर रही, क्योकि बीते दिनों सोशल मीडिया पर जो एक ऑडियो क्लिप वायरल हुई थी, उस ऑडियो में राजेश सिंह और भाजपा नेता किरन विर्क के बीच स्क्रैप के ठेके को लेकर हिस्सेदारी की बात चल रही थी। किरन विर्क इस ऑडियो में राजेश सिंह से स्क्रैप के ठेके में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी की मांग करते हैं। इस ऑडियो के वायरल होने के साथ ही राजेश सिंह का एक बयान भी सोशल मीडिया पर सामने आया था जिसमें उसने विधायक के नाम पर कुछ लोगों पर रंगदारी मांगने का आरोप लगाया था। साथ ही उसने डाक से पंतनगर थाने में तहरीर भी दी थी और मामले को लेकर हाईकोर्ट जाने की बात भी कही थी। मामला जब गरमाया तो इस मामले में दूसरे पक्ष की ओर से भी राजेश सिंह के खिलाफ रंगदारी मांगने, तमंचे के बल पर एक लाख रूपये लूटने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी गयी थी। साथ ही राजेश सिंह के खिलाफ एक और तहरीर भी दी गयी थी जिसमें राजेश सिंह पर पूर्व पार्षद प्रकाश धामी के गवाह को गवाही बदलने के लिए धमकाने का आरोप लगाया था। जिसके बाद एक्शन में आई पुलिस ने राजेश की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये थे। पुलिस ने पूछताछ के लिए राजेश के माता पिता के साथ ही उसके कई परिचितों को भी हिरासत में लिया था, जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया। पुलिस अभी दोनों पक्षों के आरोपों की जांच कर रही थी। अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है। शनिवार शाम को राजेश सिंह का एक वीडियो संदेश सामने आया है जिसमें राजेश का कहना है कि उसने कुछ राजनैतिक लोगों के कहने पर स्क्रैप कारोबार में घुसना चाहा। इसके लिए उसने स्क्रैप ठेकेदार पवन शर्मा से बात की और इंडिया फोर्ज कंपनी में स्क्रैप का ठेका लिया। लेकिन पवन शर्मा ने बहुत सारे तथ्य छिपाते हुए उसे स्क्रैप का काम दिया। उसे धोखे में रखा गया जबकि मोहन स्वरूप और क्षितिज सेतिया पहले से ही पवन के साथ दस वर्ष से 33-33 प्रतिशत के पार्टनर थे। राजेश के मुताबिक जब उसने इनसे कहा कि काम मैं करूंगा तो इन्होंने मना कर दिया। जिससे वह परेशान हो गया। राजेश ने कहा कि मैंने एक पूर्व नेता के कहने से रंगदारी का आरोप लगा दिया जबकि मुझसे ना (शेष पृष्ठ सात पर)

# जंगलों में आग बुझाने वालों को मिलेगा एक लाख तक का ईनाम : सुबोध उनियाल

## ग्राम प्रधानों की अध्यक्षता में 541 वनाग्नि प्रबंधन समितियों का गठन किया

देहरादून(उद संवाददाता)। वन मुख्यालय के मंथन सभागार में मीडिया से वार्ता के दौरान शनिवार को वन मंत्री सुबोध उनियान ने बताया कि बिना जनसहभागिता के जंगल की आग से नहीं निपटा जा सकता। जंगल की आग बुझाने पर प्रदेश सरकार वनाग्नि प्रबंधन समितियों को 25 हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक का इनाम देगी। वहीं, विशेष परिस्थितियों में हेलिकॉप्टर की भी मदद ली जाएगी। ग्राम प्रधानों की अध्यक्षता में 541 वनाग्नि प्रबंधन समितियों का गठन किया गया है, जिन्हें सीजन के लिए 30-30 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी गई है, जबकि उत्कृष्ट काम करने वाली 13 वनाग्नि प्रबंधन समितियों को एक-एक लाख रुपये, 13 समितियों को 50-50 हजार रुपये एवं 13 वनाग्नि प्रबंधन समितियों को 25-25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। वन मंत्री ने बताया, जंगल में आग लगने की तीन प्रमुख वजह है। किसान खेतों में खरपतवार जलाते हैं। दूसरा जंगल में जलती बीडी, सिगरेट फेंकने एवं तीसरा शरारती तत्वों की ओर से जंगल में आग लगाने से वनाग्नि की घटनाएं होती हैं। शरारती तत्वों से सख्ती से निपटा जा रहा है। अब तक 23 मामलों में 29 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं, अज्ञात मामलों की संख्या 173 है। कहा, मैन पावर की कमी न हो इसके लिए इस साल 1392 वन कर्मियों की तैनाती की गई है, जबकि 3,983 फायर वाचर तैनात किए जाएंगे। वन मंत्री ने यह भी कहा, सरकार ने फॉरेस्ट फ्रेंडली पॉलिसी बनाई है। वन पंचायत भूमि पर कृषिकरण को मंजूरी दी गई है, जबकि ईको टूरिज्म के तहत लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। बारिश से जंगलों की आग के मामलों में कुछ क्षेत्रों में राहत मिली है।



# जंगल में महिला का शव मिलने से सनसनी

रूद्रप्रयाग। गुप्तकाशी क्षेत्र में देवर गांव के पास एक महिला का क्षत विक्षत हालात में शव मिला है। शव मिलने के बाद से इलाके में सनसनी मची हुई है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि मृतका के गले और सिर पर बहुत की अजीब और गहरे घाव हैं। बता दें बीते सोमवार को भी अगस्त्यमुनि ब्लॉक से इसी तरह का मामला सामने आया था। मृतका की पहचान नीलम देवी (33) पत्नी संदीप सिंह निवासी देवर गांव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मामले को लेकर थानाध्यक्ष गुप्तकाशी राकेंद्र सिंह कठेत ने बताया कि ग्राम प्रहरी ने घटना की सूचना दी थी। महिला घास लेने के लिए जंगल गई थी लेकिन देर शाम तक भी घर नहीं लौटी। जिसके बाद परिजनों ने महिला की तलाश शुरू की। महिला की खोजबीन के बाद भी महिला का कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस की टीम तत्काल देवर गांव पहुंची और महिला की खोजबीन शुरू की। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष राकेंद्र सिंह कठैत ने बताया कि गांव से दो किमी दूर जंगल में महिला का शव क्षत-विक्षत हालात में मिला। महिला के गले और सिर पर अजीब और गहरे घाव हैं। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष राकेंद्र सिंह कठैत ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही महिला के मौत के असल कारणोंका पता चल पाएगा। फिलहाल कुछ लोग महिला की मौत का कारण जंगली जानवर का हमला बता रहे हैं तो कुछ ग्रामीण हत्या की आशंका जाता रहे हैं। बता दें बीते एक हफ्ते पहले भी ठीक इस तरह का मामला सामने आया था। रुद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि ब्लॉक के बच्छणस्यूं पट्टी के नौखू गांव के एक युवक का शव झाड़ियों में पड़ा मिला। मृतक का एक पैर और सिर गायब था।



# भाजपा हाईकमान ने दो विधायको सहित पांच नेताओं को किया तलब

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के बड़बोले नेताओं को प्रदेश अध्यक्ष ने तलब किया है। भाजपा ने परस्पर विरोधी बयानबाजी से पार्टी को असहज करने वाले अपने दो विधायकों, एक पूर्व विधायक, एक दायित्वधारी और एक कार्यकारिणी सदस्य को आज प्रदेश पार्टी कार्यालय में तलब किया है। बीजेपी में बीते कुछ दिनों से बयानबाजी का दौरा चल रहा है। आपस में ही भाजपा नेता एक दूसरे पर कटाक्ष कर रहे हैं। इसी बीच इन नेताओं पर कार्रवाई करते हुए पार्टी हाईकमान ने पांच नेताओं को आज तलब किया है। बता दें कि भट्ट ने पांचों नेताओं को दून बुलाने की पुष्टि की है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट चारों से स्पष्टीकरण लेंगे। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय और पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश धनै को तलब किया गया है। इसके साथ ही रानीखेत से विधायक प्रमोद नैनवाल और दायित्व धारी कैलाश पंत को भी तलब किया गया है। बताया जा रहा है कि एक कार्यकारिणी सदस्य खीम सिंह चौहान को भी तलब किया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर पार्टी विरोधी गतिविधियां की हैं।



# बाघ पकड़ने की मांग को लेकर विधायक के खिलाफ आक्रोश

## विधायक का घेराव करने जा रहे प्रदर्शनकारियों की पुलिस से नोंक झोंक

रामनगर(उद संवाददाता)। 18 अप्रैल को ग्राम बांसीटिला क्षेत्र में एक ग्रामीण को बाघ ने अपना निवाला बना लिया था घटना के बाद से गांव में जहां एक और दहशत का माहौल बना हुआ है तो वही ग्रामीणों ने इस बाघ को पकड़ने या गोली मारने की मांग वन विभाग से की थी। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार वन्य जीवों के आतंक से जहां एक और ग्रामीण दहशत के साए में जी रहे हैं तो वहीं कई ग्रामीणों की इन जंगली जानवरों के हमले में जान भी जा चुकी है इसके साथ ही जंगली जानवर ग्रामीणों की फसल को भी लगातार बर्बाद कर रहे हैं वन्यजीवों के आतंक से निजात दिलाने को लेकर लगातार धरना प्रदर्शन किए जाते रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि लेकिन सरकार और वन विभाग ग्रामीण को राहत देने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। इसी को लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रम के साथ दर्जनो ग्रामीणों ने रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। ग्रामीणों की चेतावनी के बाद प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद था जिसके चलते विधायक कार्यालय के बाहर मौजूद पुलिस कर्मियों ने प्रदर्शन कारियों को विधायक कार्यालय के अंदर जाने से रोक दिया इसके बाद प्रदर्शनकारियों तहसीलदार कुलदीप पांडे एवं कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल के साथ भी जमकर बहस हुई। प्रदर्शनकारी विधायक कार्यालय के अंदर जाने की मांग पर पड़े रहे लेकिन प्रशासन ने उन्हें काफी समझाया और आचार संहिता का हवाला देते हुए प्रदर्शन न करने की हिदायत दी। इसके बाद कुछ प्रदर्शनकारी विधायक कार्यालय के अंदर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पहुंचे और उन्होंने विधायक से वार्ता करते हुए प्रदर्शनकारियों के बीच में आकर ज्ञापन लेने की मांग की जिसको विधायक ने साफ तौर पर मना करते हुए मौजूद प्रतिनिधियों से अपने कार्यालय में ज्ञापन देने की बात कही। विधायक की इस बात को सुनकर कार्यालय के बाहर मौजूद प्रदर्शनकारियों ने विधायक एवं मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया तथा विधायक द्वारा प्रदर्शनकारियों के बीच में ना आने की बात कह कर प्रदर्शनकारियों ने अपना ज्ञापन विधायक कार्यालय के गेट पर ही चस्पा करते हुए तीन या चार दिन के अंदर गांव में एक बड़ी बैठक आहूत कर आंदोलन की अगली रणनीति बनाने की बात कही।



# बिजली दर बढ़ाकर जनता से की जा रही वसूली : आर्य

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माहरा ने की बिजली की दरों में वृद्धि वापस लेने की मांग

देहरादून(उद संवाददाता)। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने प्रदेश में बिजली की दरें बढ़ाने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए उत्तराखंड में मतदान संपन्न होने के बाद धामी सरकार ने जनता को महंगाई के मोर्चे पर बड़ा झटका दिया। खजाना खाली करने के बाद सरकार अब वसूली कर जनता पर चाबुक चला रही है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि भाजपा सरकार आम जनता की जेब काटने में लगी है। राज्य में बिजली की कीमतों में लगभग सात प्रतिशत तक उछाल आया है, जिसका सीधा असर राज्य के 22 लाख उपभोक्ताओं पर होगा। इतना ही नहीं सरकार ने उपभोक्ताओं पर फिक्स चार्ज को भी बढ़ाया है, यानी उन पर दोहरी मार पड़ी है। बड़ा सवाल है कि प्रदेश में बिजली की बढ़ी हुई यह दरें इसी महीने बीती एक अप्रैल से लागू होंगी। ऐसे में सवाल यह है कि यदि बिजली के दाम में बढ़ोतरी एक अप्रैल से लागू की गई है तो फिर एक अप्रैल से पहले ही इसकी घोषणा क्यों नहीं की गई। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आयोग की मुहर के बाद घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिल में 3.40 रुपये से 7.35 रुपये प्रति यूनिट तक बढ़ोत्तरी की गई है। इसके अलावा 100 यूनिट तक खर्च करने पर 3.40 रुपये प्रति यूनिट और 400 यूनिट से अधिक खर्च करने पर 7.35 रुपये प्रति यूनिट और फिक्स चार्ज भी 70 रुपये से बढ़कर 85 रुपये प्रति माह किया गया है। पहले ही महंगाई की मार से आम आदमी त्रस्त है, वहीं बिजली बिल में भारी वृद्धि से घरों का बजट गड़बड़ाना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड दूसरे राज्यों को सस्ते दामों पर बिजली उपलब्ध करा रहा है, लेकिन अपने ही राज्य में डबल इंजन की सरकार सबसे महंगी बिजली उपभोक्ताओं को दे रही है। प्रदेश की जनता को अब डबल इंजन की सरकार का ऐसा विकास नहीं चाहिए, जिससे जनता की जेब पर सरकार रात-दिन डाका डालने का काम करे। एक तरफ घटती आय व मांग की वजह से देश की उत्पादकता दर लगातार नीचे जा रही है, वहीं प्रदेश में बिजली की दरें ऊपर जा रही हैं। कारोबारी व जनता, सब त्रस्त हैं। उत्तराखंड में बिजली दर बढने से निवेशक और दूर होगा। सरकार को पहले बिजली की गुणवत्तायुक्त आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। सरकार को बिजली की दरें बढ़ाने के निर्णय पर शीघ्र पुनर्विचार करना चाहिए। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर बिजली की दरों में वृद्धि वापस लेने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि जनहित में यह निर्णय तत्काल वापस नहीं हुआ तो कांग्रेस सड़कों पर उतर कर विरोध करेगी। पत्र में करन माहरा ने कहा कि सरकार ने प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होते ही बिजली की दरों में वृद्धि कर दी। गरीब, किसान व आम जनता के लिए इससे कठिनाइयां बढ़ गई हैं। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान जनता को राहत देने का वादा करने वाली भाजपा सरकार ने मतदान के बाद जनता पर महंगाई का बोझ डालना शुरू कर दिया है।



देहरादून में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को जन्मदिन की शुभकामनायें देने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य।




# हल्दूचौड़ में सांड से टकराई स्कूटी, युवक के सीने के आर पार हुए सींग, दर्दनाक मौत

लालकुआ(उद संवाददाता)। दोस्त के साथ लालकुआं से हल्द्वानी की ओर को जा रहे बिंदुखत्ता निवासी बहन के घर आये धारचूला के युवक की स्कूटी में



हल्दूचौड़ में सांड ने टक्कर मार दी। सांड के सींग युवक के सीने के आर पार हो गए, सींग के आर पार हो जाने के चलते युवक को तुरंत ही डॉ सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। साथ ही उसके साथ बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दूचौड़ में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मृतक युवक योगेश पुत्र जगत सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी धारचूला जो कि वर्तमान में अपनी बहन के घर इंद्रानगर प्रथम बिंदुखता आया हुआ था उसके साथ में बैठा घायल युवक पुष्कर सिंह पुत्र जमन सिंह भी योगेश की बहन के पड़ोस में ही रहता है दोनों युवक स्कूटी द्वारा देर शाम लगभग 9:30 बजे हल्द्वानी की ओर को जा रहे थे, जैसे ही वह हल्दूचौड़ भारतीय स्टेट बैंक के सामने पहुंचे थे कि सड़क के बीचों-बीच खड़े सांड ने स्कूटी में टक्कर मार दी, और सांड के दोनों सींग योगेश के सीने में जा घुसे, जिसे प्रत्यक्षदर्शी आनन फानन में निजी वाहन द्वारा हल्द्वानी सुशीला तिवारी चिकित्सालय ले गए परंतु उसे बचाया नहीं जा सका, योगेश की मौत से उसकी बहन एवं उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जबकि उसके मित्र पुष्कर को हल्दूचौड़ में प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। मृतक युवक के पिता की मौत हो चुकी है। जबकि उसकी चार बहनें व एक छोटा भाई है। युवक की मौत से उसकी मां व अन्य स्वजनों में कोहराम मचा है। शनिवार को पास्टमार्टम के बाद स्वजन उसके शव को लेकर धारचूला को रवाना हो गए है। योगेश व पुष्कर के साथ दूसरी स्कूटी में उनका मित्र राहुल पुत्र उमेश सिंह निवासी इंद्रानगर प्रथम बिंदुखत्ता भी उनके पीछे से हल्द्वानी को जा रहा था। योगेश व पुष्कर की स्कूटी के सांड से टकराने के बाद योगेश की नाजुक हालत को देखकर वह काफी घबरा गया। जिसके बाद पुलिस ने युवक को उसकी मां तुलसी देवी के सुपुर्द कर दिया। विदित रहे कि आवारा पशुओं को लेकर कल ही जिलाधिकारी नैनीताल ने संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक करते हुए पशुओं को खुले में छोड़ने वाले पशुपालकों के खिलाफ करवाई के निर्देश दिए हैं, साथ ही क्षेत्र में आवारा घूम रहे पशुओं को रखने के लिए गौशाला निर्माण को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं, परंतु दूसरी ओर सड़क में घूम रहे आवारा पशुओं कि हमले से से क्षेत्र में मौत का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है, आज एक आवारा पशु ने घर के एक और चिराग की जान ले ली।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, शुक्राणुओं की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।


## सीएम धामी से मिले निर्वतमान पार्षद गौरी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हल्द्वानी आगमन पर भाजपा नेता सुरेश गौरी ने वरिष्ठ भाजपा नेता तरुण पंत के नेतृत्व में रमेश कालरा व अनेक साथियों के साथ उनसे मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। तरूण पंत ने मुख्यमंत्री श्री धामी को अवगत कराया कि लोकसभा चुनाव से पहले पूर्व ग्राम प्रधान और पूर्व पार्षद सुरेश गौरी तथा पूर्व पार्षद रमेश कालड़ा अपने सैकड़ो समर्थक समेत कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे और लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में क्षेत्र में दिन रात घर घर जाकर जोरदार चुनाव प्रचार भी किया और केंद्र व राज्य सरका द्वारा जनहित में संचालित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं तथा सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी जन जन तक पहुंचाई। जिस पर सीएम धामी ने गौरी की पीठ थपथपाई ओर उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा की



रीति नीति से जनमानस को अवगत कराएं और आने वाले नगर निगम चुनाव को लेकर जुट जाए। सीएम धामी ने कहा कि सभी पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करें। इस दौरान सतीश जोशी, कमल पांडे, हरीश जोशी, विनीत पंत, निकुंज पंत, नरेश गंगवार, वीरेंद्र कुमार, संदीप सिंह, नन्हे, राजकुमार, अशोक कुमार, आदेश कुमार, करम सिंह, राम भजन, हरिश्चंद्र, अरुण जोशी, रामकुमार सक्सेना, माधुरी प्रसाद मौर्य, रमेश जोशी, अनिल जोशी, हरि बल्लभ जोशी आदि मौजूद थे।

## चोरों ने मंदिर से आभूषण और नगदी उड़ाई

रामनगर(उद संवाददाता)। चोरों के आतंक से भगवान के घर भी सुरक्षित नहीं है ।लगातार रामनगर में हो रही चोरियां पुलिस के सुरक्षा दावो की पोल खोल रहीं है।बेखौफ चोरों ने शनिवार की देर रात घास मंडी में स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर को निशाना बनाकर आभूषण और नगदी चोरी कर ली। चोरों ने मंदिर में जमकर उत्पात मचाते हुए तोड़फोड़ भी की जिससे लोगों में भारी रोष है। जानकारी के मुताबिक अज्ञात चोरों ने देर रात सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में धावा बोलकर मंदिर परिसर में रखे सामान को तहस-नहस कर करते हुए मंदिर में लगी भगवान की विभिन्न मूर्तियां के शीशे एवं दरवाजे तोड़ दिये और दान में चढ़ाई गई धनराशि के साथ ही भगवान के गले में पड़ा नोटों का हार एवं चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गयी है। मामले की जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी हरीश जोशी ने बताया कि मंदिर में लगातार हो रही चोरियों से अब वह भी काफी डरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि




करीब 15 दिन पूर्व मंदिर परिसर में बनी ध र्मशाला में चुनाव ड्यूटी में आए पुलिसकर्मी ठहरे हुए थे इन चोरों ने कमरे में सो रहे तो पुलिस कर्मियों के मोबाइल फोन चोरी करने के साथ ही एक पुलिस कर्मी की वर्दी तक चोरी कर डाली । मामले में जानकारी देते हुए कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि मंदिर में चोरी की घटना को लेकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खाली जा रही है तथा तहरीर मिलने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने हजारों की नगदी संग दो सट्टेबाज दबोचे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो सट्टेबाजों को हजारों की दगदी व सट्टापर्ची के साथ खाईबाड़ी करते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार अपर उप निरीक्षक रवीश राम, अपर उप निरीक्षक भरत सिंह पुलिस कर्मियों के साथ के साथ चैकिंग करते शिवनगर के पास पहुंचे तो मुखबिर की सूचना पर वह शमशान घाट रोड़ पर शराब भट्टी के साथ गली में आजाद नगर पहुंचे जहां दो लड़के सट्टे की खाई बाड़ी करते दिखाई दिये। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों युवकों को दबोच लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता विश्वजीत सेन पुत्र रंजीत सेन मूल निवासी ग्राम राजा कालौनी पोस्ट न्यूरिया थाना न्यूरिया पीलीभीत हाल निवासी किरायेदार संजय नगर खेड़ा तथा सुदीश गुप्ता पुत्र राम भरोसे गुप्ता निवासी वार्ड 4 आजाद नगर मूल निवासी ग्राम पटेल नगर थाना मिलक जिला रामपुर बताया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से कुल 2720 रुपये नगद, सट्टा डायरी, पेन आदि बरामद किया गया। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ करने के बाद दोनों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

## रूद्रपुर में श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन 29 अप्रैल को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री श्याम मित्र मंडल रूद्रपुर के तत्वाधान में 11वां भव्य श्री खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव 29 अप्रैल को गल्ला मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में आयोजित होगा। कार्यक्रम में विश्व विख्यात भजन प्रवाहक



श्री नंदू जी वृन्दावन से, बबली शर्मा भटिंडा से व शुभम सक्सेना रुद्रपुर से बाबा का गुणगान करेंगे। इस सम्बन्ध में मंडल की एक बैठक में सभी सदस्यों ने प्रतिभाग किया तथा इस आयोजन को सफल बनाने हेतु चर्चा की गयी व सभी सदस्यो को कार्यक्रम से संबंधित जिम्मेदारी सौंपी गयी । श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा सभी धर्म प्रेमी जनता से इस संकीर्तन में अधिक से अधि क संख्या में पहुंचने की प्रार्थना की गयी है। इस बैठक में रामकिशन शर्मा,प्रवीण गोयल,तरुण कालरा,अशोक गोयल,मनीष गोयल,गोविंद शर्मा,अशोक शर्मा,कृष्ण वत्स,सत्यम कालरा, अमन सिंह,मनोज गर्ग, मनोज अग्रवाल,रविंद्र शर्मा,सुरेंद्र शर्मा,रमेश जायसवाल ,शुभम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद को लेकर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र के ग्राम खमरिया में जमीनी विवाद को लेकर चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामला जमीन गिरबी रखने को लेकर बताया जा रहा है। पुलिस को दी तहरीर में सुखदेव सिंह पुत्र गुरमीत सिंह निवासी ग्राम पक्की खमरिया थाना नानकमत्ता में पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि मेरे से दो एक एकड़ बतौर गिरबी लखविन्द्र सिंह पुत्र कुलवंत सिंह निवासी बिजली कालौनी ने तीन लाख अस्सी हजार रूपये में दो वर्ष वास्ते दिया था। आरोप है कि मियाद पूरी होने के बाद लखविन्द्र सिंह की कुल रकम बापस देने के बाद भी बिना स्टाम्प दिए लखविन्द्र सिंह घर से फरार हो गया है । जबकी उसकी पत्नी दोबारा रकम मांग रही है। 24 अप्रेल को वह अपने खेत पर पानी लगा रहा था कि तभी रानी कौर पत्नी लखविन्द्र सिंह अपने साथ अपने भाई करन सिंह पुत्र मुख्तयार सिंह, छिन्दो कौर पत्नी सतविन्द्र सिंह को साथ लेकर ,खेत पर गाली गलौच करते हुये मारपीट कर मोटर साईकिल तोड़ दी। आरोप है कि किसी तरह जान बचाकर थाने पहुंचे। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जु-जित्सू खेल के पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। लखनऊ, उत्तर प्रदेश में आयोजित हुई सबजूनियर, जूनियर ( बालक / बालिका वर्ग) नेशनल जु-जित्सू चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को दक्ष स्पोर्ट्र्स एकेडमी नानकमत्ता द्वारा रविवार को पर्वतीय संस्कृति उत्थान समिति भवन के हॉल में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवर्तमान चेयरमैन नगर पंचायत, नानकमत्ता प्रेम सिंह टुरना, विशिष्ठ अतिथियों में एस.एम पब्लिक स्कूल सितारगंज के प्रधानाचार्या डॉ. मनिंदर सिंह गुलाटी, जिला जु-जित्सू संघ ऊधम सिंह नगर के महासचिव ऋषि पाल भारती, नवीन अटवाल, मुख्य प्रशिक्षक किशोर सिंह, सुखदेव सिंह द्वारा सयुक्त रूप से सभी जु-जित्सू खिलाडियों का माल्यार्पण कर, मिठाई खिलाकर, बुके, प्रशस्ति पत्र देकर एवं पदक पहनाकर गर्मजोशी के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रेम सिंह टुरना ने अपने विचार रखते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। और कहा कि सम्मान से खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन होता है। उन्होंने आगे कहा कि सम्मान मिलने के बाद सफलता का सफर समाप्त नहीं होना चाहिए। बल्कि दोगुना उत्साह से आगे बढ़ने का संकल्प



लेना चाहिए। जो खिलाडी असफल होते हैं उन्हें भी मायूस होने की आवश्यकता नहीं है। लगातार प्रयास से सफलता की ओर अग्रसर हुआ जा सकता है विशिष्ठ अतिथि डॉ. मनिंदर सिंह गुलाटी ने कहा कि यदि खिलाड़ियों को मंच दिया जाए तो उनकी प्रतिभा को सामने लाया जा सकता है। ओर आगे मुख्य प्रशिक्षक किशोर सिंह की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों में छिपी प्रतिभा की पहचान करके उनको बेहतर मार्गदर्शन देकर उनको प्रोत्साहित करते है। दक्ष स्पोर्ट्र्स एकेडमी के अध्यक्ष शंकर सिंह बसेरा ने बताया कि खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं स्पोर्ट्र्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया साई द्वारा मान्यता प्राप्त जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान एवं जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के सौजन्य से विगत दिनों मल्टीपरपस हाल, चौक स्टेडियम, लखनऊ, उत्तर प्रदेश में आयोजित हुई सबजूनियर, जूनियर ( बालक/बालिका वर्ग) नेशनल जु-जित्सू चौम्पियनशिप 2023-24 में दक्ष स्पोर्ट्र्स अकेडमी नानकमत्ता के जु-जित्सू खिलाड़ियों ने उत्तराखंड जु-जित्सू टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 2 गोल्ड, 5 सिल्वर व 4 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर का उत्तराखंड, जनपद व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला जु-जित्सू संघ के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, बीना रंशवाला, वाइस प्रेसिडेंट जॉनी हिराम तिग्गा, शोभा तिग्गा, हिमा भट्ट, डॉ. बलजीत कौर, विकास राठी, जानकी राठी, चंद्रावती, गंगा मेहरा, अभिषेक राजपूत, वसीम खान, नरेंद्र कुमार, कमल सिंह, देवेंद्र रावत, विनोद लखेरा, कंचन बसेरा, मंजू देवी, श्याम चंद, राजीव राणा सहित अनेकों खेल प्रेमी जनता ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# वनाग्नि प्रभावित जंगलों का सीएम ने किया हवाई निरीक्षण

## वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द ,आग बुझाने के लिए धरातल पर काम करने के निर्देश






नैनीलात(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में विकराल होती जंगलों की आग ने चिंता बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के जंगलों में लगी आग को बुझाने के लिए वन विभाग के अधिकारियों का सख्त दिशा निर्देश दिये है। इसके साथ ही फायर सीजन तक वन विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। शनिनार को हल्द्वानी पहुंचे जहां उन्होंने एफटीआई सभागार में वनाग्नि को लेकर वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके साथ ही सीएम धामी ने पेयजल किल्लत को लेकर भी जल संस्थान के अधिकारियों को व्यवस्था करने के निर्देश दिए। अधिकारी आपसी समन्वय के साथ काम करें। वहीं बैठक से पहले सीएम पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल में वनाग्नि प्रभावित क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण किया। प्रदेश में जंगलों में आग की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। कुमाऊं मंडल में सबसे ज्यादा आग की घटनाएं सामने आ रही हैं। बैठक में कुमाऊं कमिश्नर और जिलाधिकारी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही अल्मोड़ा, चंपावत समेत अन्य जिलों



के अधिकारी वर्चुअल जुड़े। सीएम धामी ने हल्द्वानी में वनाग्नि की रोकथाम व पेयजल व्यवस्था के संबंध में बैठक के दौरान अधिकारियों को वनाग्नि से निपटने के लिए धरातल पर कार्य करने के निर्देश दिए। आग लगने पर जिलाधिकारी व संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी भी अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हुए प्रभावित वन क्षेत्र पहुंचकर सामंजस्य के साथ आग पर काबू पाने में अपना सहयोग दें। सभी अधिकारियों की छुट्टियों को रद्द कर दिया गया है। साथ ही वनाग्नि को रोकने के लिए स्थानीय संगठनों, स्वयं सहायता समूहों के साथ मिलकर जनजागरुकता फैलाने और जंगलों में आग लगाने वाले लोगों पर कठोर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। वनाग्नि रोकने में सहयोग कर रहे ग्रामीणों को चिन्हित कर वन विभाग द्वारा सम्मानित भी किया जाए। अधिकारी ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्या का समाधान करने के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाने के साथ ही टैंकरों से जलापूर्ति व पेयजल लाइनों की समुचित मरम्मत सुनिश्चित करें। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ काम करें। इसके अलावा जंगलों में आग बुझाने के लिए वायुसेना के हेलीकॉप्टर की भी मदद ली जा रही है।



### कुमाऊं और गढ़वाल मंडल के जंगलों में 575 वनाग्नि की घटनाओं में करीब 690 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वन जले

हल्द्वानी। कुमाऊं मंडल के जंगलों में लगी आग ने सरकार और वन विभाग की चिंता बढ़ाई हुई है। शनिवार की सुबह नैनीताल से लगे जंगलों में लगी आग को बुझाने के लिए वन विभाग ने वायुसेना के हेलिकॉप्टर की मदद लेना शुरू कर दिया है। वायुसेना का हेलिकॉप्टर शनिवार की सुबह 7 बजे से भीमताल झील से कई बार पानी भरकर जंगल में लगी आग बुझाने में लगा हुआ है। हेलीकॉप्टर के भीमताल झील में पानी भरकर ले जाने से भीमताल का पर्यटन कारोबार प्रभावित रहा। भीमताल में नौकायन, पैराग्लाइडिंग, कायकिंग, जॉरबिंगका संचालन नहीं हो पाया। इससे कारोबारियों को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा है। पिछले 24 घंटे में एक-दो नहीं बल्कि कुमाऊं के जंगलों में 26 जगहों पर आग लगी है। प्रदेश के 31 जगहों पर आग लगने की घटना हुई है, इसमें सर्वाधिक आग लगने की घटना कुमाऊं में 26 स्थानों पर हुई। गढ़वाल मंडल के वन्यजीव क्षेत्र में पांच स्थानों पर आग लगने की घटनाएं हुईं। इन घटनाओं में करीब 34 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वनसंपदा को नुकसान पहुंचा है। वहीं प्रदेश में नवंबर-2023 से 575 वनाग्निन की घटनाएं हुआ हैं, इसमें करीब 690 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वनसंपदा को नुकसान पहुंच चुका है।

## दो फ्लोर मिल और एक सीड प्लांट पर 55 हजार का जुर्माना

काशीपुर(उद संवाददाता)। । गेहूं की कालाबाजारी की रोकथाम के लिए गठित टीम ने निरीक्षण के दौरान दो फ्लोर मिल और एक सीड प्लांट पर कुल 55 हजार जुर्माना लगाया है। शनिवार को जिला प्रशासन की ओर से गठित कमेटी ने मंडी समिति क्षेत्र अंतर्गत आने वाली तीन फ्लोर मिलों और तीन सीड्स प्लांटों का निरीक्षण किया। इस दौरान फर्मों के अभिलेखों की जांच की गई और स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया। महुआखेड़ा गंज स्थित सिडकुल में निरीक्षण के दौरान एक फर्म के अभिलेखों और भौतिक स्टॉक में 270.00 क्विंटल और दूसरी फर्म के अभिलेखों व भौतिक स्टॉक में 258.6 क्विंटल का अंतर पाए जाने पर टीम ने दोनों फर्मों पर 15-15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही एक सीड प्लांट पर भी अनियमितताएं पाए जाने पर 25 हजार का जुर्माना लगाया। टीम में नायब तहसीलदार भीम सिंह कुटियाल, मंडी सचिव आशा गोस्वामी, कृषि विकास अधिकारी लियाकत खान, बीज प्रमाणीकरण अधिकारी अशोक कुमार, वरिष्ठ विपणन अधिकारी दिनेश चंद्र आर्य, राजस्व निरीक्षक अरुण कुमार, मंडी निरीक्षक बीसी जोशी, मंडी निरीक्षक नवनीत कुमार और मंडी सहायक प्रकाश राम शामिल रहे।

## राज्य में निकाय चुनाव जल्द होने की संभावना

देहरादून। लोकसभा चुनाव से फारिग होने के बाद अब भाजपा ने स्थानीय निकाय चुनाव के लिए कमर कस ली है। पार्टी जिताऊ प्रत्याशियों की तलाश के लिए 10 मई से प्रक्रिया शुरू कर सकती है। स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ के तहत पार्टी टीमों का गठन करेगी और जिन्हें नामों का पैनल तैयार करने के लिए फील्ड में भेजा जाएगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के मुताबिक, राज्य में निकाय चुनाव जल्द होने की संभावना है। पार्टी स्थानीय निकाय चुनाव के लिए पहले से तैयारी कर रही है। पार्टी को पूरा भरोसा है कि सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में भाजपा जीत दर्ज करेगी। राज्य की अधिकांश निकायों में भाजपा का कब्जा रहा है। इस वर्चस्व को बरकरार रखने के लिए पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनाव में उतरेगी। भट्ट ने कहा, जल्द ही निकाय चुनाव को लेकर पार्टी पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक होगी। पार्टी अगले माह 10 मई तक चुनाव की तैयारी में जुट जाएगी। सबसे पहले पार्टी प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया शुरू करेगी। इसके लिए पदाधिकारियों की टीम बनाई जाएगी, जो क्षेत्र में जाकर नामों का पैनल तैयार करेगी। पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं की सहमति के आधार पर नामों के पैनल तैयार होंगे।

## सीडीओ ने की योजनाओं की समीक्षा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।शनिवार को मनीष कुमार मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास भवन सभागार में एन.आर.एल.एम. मनरेगा बीएडीपी रीप परियोजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण समीक्षा की गई। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जनपद को यू0एस0आर0एल0एम0 से प्राप्त वित्तीय वर्ष 2024-25 के लक्ष्यों का विकासखण्डवार आवंटन किया गया तथा खण्ड विकास अधिकारी एवं बी0एम0एम0 को निर्देशित किया गया कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कार्यों को पूर्ण किया जायें। बीएडीपी के अन्तर्गत विकास खण्ड खटीमा में कराये जा रहे कार्यों को शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये गयें। रीप परियोजना के अन्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना का ससमय निर्माण करते हुए क्रियान्वयन किया जाना सुनिश्चित करें। मनरेगा के अन्तर्गत माह अप्रैल के निर्धारित लक्ष्य विकास खण्ड बाजपुर जसपुर एवं सितारगंज के द्वारा माह का लक्ष्य शत प्रतिशत पूर्ण किये जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये। साथ ही समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सोसल अडिट के प्रकरण को अपने स्तर से तत्काल निस्तारित करें व फील्ड स्तर पर ऐरिया ऐप के माध्यम से प्रगति पर चल रहे कार्यों का भी सत्यापन स्वयं करेंमुख्य विकास अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना ;ग्रामीण, जन मन योजना के अंतर्गत समस्त आवासों को माह अप्रैल के अंतर्गत पूर्ण किये जाने हेतु जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# जलभराव से निपटने के लिए बनायें प्लान: रूहेला

## जनसमस्याओं को चिन्हित कर विकास योजनाओं का प्रस्ताव बनाने के दिये निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के मुख्यालय में उपाध्यक्ष अभिषेक रूहेला की अध्यक्षता में शहरों में सौन्दर्यीकरण एवं जल भराव की समस्या के निदान हेतु बैठक आयोजित हुई। बैठक में श्री रूहेला ने ड्रेनेज, सड़क चौड़ीकरण, विद्युत पोल, पार्किंग, पार्क, सार्वजनिक शौचालय आदि के प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होने निर्देशित करते कि प्रत्येक परगना अन्तर्गत परगना स्तरीय समिति बनायी जाये एवं समस्याओं को चिन्हित करते हुए योजनाओं का प्रस्ताव प्रेषित किया जायें। उन्होंने कहा कि जनपद में अधिकांश नाले/नालियों को साफ ना किये जाने के कारण मानसून में जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है, जिस हेतु नगर पालिका निगमों को आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने कहा कि रूद्रपुर शहर में कल्याणी नदी हेतु तात्कालिक/ दीर्घकालिक प्लान तैयार किये जाने के साथ अन्य नदियों आदि का भी परीक्षण कर लिया जाये। जनपद में प्राधिकरण की सीमा अन्तर्गत हो रहे अवैध निर्माणों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही पर भी चर्चा की गयी तथा जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में दिये निर्देशों का पूर्ण पालन तहसील/उपजिलाधिकारी स्तर पर किये जाने की अपेक्षा की। उपाध्यक्ष श्री रूहेला ने कहा कि शहरी क्षेत्र एवं शहर से लगे हुए क्षेत्रों में तेजी से बिना मानचित्र ले आउट पास कराये आवासीय कालोनियों भूखण्ड विकसित होने के साथ ही जनपद स्तर पर विभिन्न



स्तरों पर शिकायतें भी प्राप्त हो रही हैं कि ऐसे कालोनियों के निर्मित विकसित होते समय न तो जल निकासी की समुचित व्यवस्था की गयी है, शेष जनसुविधाएँ यथा-पानी, बिजली, सड़क इत्यादि की ओर भी विकास कर्ताओं द्वारा समुचित ध्यान नहीं दिया जाता है। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि क्षेत्र के परगनाधिकारी एवं तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्रों में यह सुनिश्चित करेंगें कि उक्तानुसार विकसित हो रहे क्षेत्रों में विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराया गया है अथवा नहीं, साथ ही साथ किसी विकासकर्ता द्वारा बिना नियमों का पालन किये हुए ऐसे कार्य किया जा रहे हैं तो तत्काल ऐसे अवैध कार्यों को प्रभावी ढंग से नियमानुसार विफल करेंगें तथा उसकी आख्या प्राधिकरण को उपलब्ध करायेंगें। उन्होने कहा कि जिला विकास प्राधिकरण व राजस्व विभाग सतत रूप से समन्वय करते हुए अवैध निर्माण/ ले आउट निर्माण को रोकने का कार्य करेंगे एवं अवैध कॉलोनियों में विद्युत कनेक्शन रोकने के लिये विद्युत विभाग से कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में विद्युत कनेक्शन देने से पूर्व स्वीकृत मानचित्र/ वैध भवन के अभिलेख अवश्य देखा जाये। उन्होने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण/कब्जा को हर हाल में रोका जाये। उन्होने कहा कि कतिपय प्रकरणों में जहाँ विकासकर्ता/ अवैध निर्माणकर्ता की जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाती वहां नोटिस तामिली हेतु राजस्व विभाग से सहयोग किये जाने की अपेक्षा की।बैठक में अपर जिलाधिकारी/ सचिव जिला विकास प्राधिकरण पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, विवेक राय, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्र एवं उप जिलाधिकारी काशीपुर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से, तहसीलदार रूद्रपुर, काशीपुर, किच्छा तथा अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड रूद्रपुर उपस्थित थे।

# वनों में आग लगाने वालों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई: धामी

## वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश निरस्त

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियों क्रांफ्रेसिंग के माध्यम से कुमाऊं मण्डल में वनाग्नि, पेयजल की समीक्षा करते हुये वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अवकाश तत्काल निरस्त करने के निर्देश दिये।मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि जिन क्षेत्रों में 24 घंटे के भीतर आग पर काबू नही पाया जाता है तो सम्बन्धित क्षेत्र के डीएफओ एवं रेंज अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जायेगी। उन्होंने वन संरक्षक विनय भार्गव को निर्देश दिये कि एफटीआई में जो कार्मिक प्रशिक्षण ले रहे है उन्हें मौके पर भेजा जाए ताकि प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षार्थियों को स्थलीय जिम्मेदारी का निर्वहन का अनुभव होगा। उन्होंने वन संरक्षक भार्गव को निर्देश दिये कि स्थानीय लोगों से समन्वय किया जाए अधिक से अधिक महिला एवं युवक मंगल दलों एवं महिला स्वयं सेवी सहायता समूहों का भी सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा कि वन विभाग एवं प्रशासन के द्वारा वनाग्नि के दौरान जो




कार्य किये जा रहे है, सक्षम अधिकारी किये जा रहे कार्यो के सम्बन्ध में जनता को जानकारी देना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वनाग्नि के दौरान सभी अधिकारी मौके पर उपस्थित रहें। आग लगाने वालों अपराधिक तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। श्री धामी ने कहा आपातकाल में सभी विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और अपना मोबाइल फोन 24 घंटे ऑन रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्बन्धित क्षेत्रों के लिए नोडल अधिकारी नामित किये जांए ताकि अधिकारी अपनी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा अधिक से अधिक गांवो के सदस्यों को जोडे और सहयोग लें तथा गांव वालों को प्रोत्साहित कर पुरस्कार भी दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विभाग के अधिकारी बैठक हेतु देहरादून मुख्यालय ना जाएं। बैठक में वीसी के माध्यम उपस्थित रहें। सभी डीएफओं को पीरूल एकत्र करने के टारगेट दिये जाएं। उन्होंने कहा सेना, अर्द्धसैनिक बल, पुलिस, आपदा प्रबन्धन व जिला प्रशासन आपस में तालमेल के साथ कार्यो को सुगमता के साथ पूर्ण करें। श्री धामी ने कहा जिन क्षेत्रों में वनाग्नि होती है सम्बन्धित क्षेत्र के डीएफओ, रेंज अधिकारी, जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर तुरन्त जांए और वनाग्नि को शीघ्र काबू करें। सीएम ने सेना द्वारा हैलीकाप्टर से आग बुझाने के कार्यों की सराहना की। उन्होंने पेयजल समस्या वाले क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए वैकल्पिक व्यवस्थाओं से जलापूर्ति कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। वीसी में मुख्य विकास अधिकारी, मनीष कुमार, डी0एफ0ओ0 उमेश तिवारी,अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, विवेक राय, प्रभारी अधिकारी गौरव पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 मनोज कुमार शर्मा, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ0 एस0बी0 पाण्डे, अधिशासी अभियन्ता विद्युत विजय सकारिया, अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान अजय कुमार, तरुण शर्मा आदि मौजूद थे।

# पोस्टमार्टम हाउस में गुलाटी परिवार ने दिया डी फ्रिज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर पोस्टमार्टम हाउस में गुलाटी परिवार द्वारा शव रखने के लिए डी फ्रिज समर्पित किया गया। शहीद भगत सिंह सेवा समिति की टीम ने बाल संरक्षण आयोग के सदस्य दीपक गुलाटी व नरेश गुलाटी से संपर्क कर पोस्टमार्टम हाउस में डी फ्रिजर की जरूरत से अवगत कराया था। सारी परेशानी बताने के बाद गुलाटी परिवार ने शहीद भगत सिंह सेवा समिति के सदस्यों की मांग को जायज



बताते हुए अपने दादाजी स्वर्गीय सीताराम गुलाटी की स्मृति में रुद्रपुर पोस्टमार्टम हाउस में सेवा के लिए डी फ्रिजर समर्पित किया। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि गुलाटी परिवार ने भयंकर गर्मी को देखते हुए पोस्टमार्टम हाउस में डी फ्रिज देकर सराहनीय कार्य किया है। ऐसे सामाजिक कार्यों के लिए सभी को आगे आना चाहिए। इस दौरान शहीद भगत सिंह सेवा समिति की टीम ललित सिंह बिष्ट, अरुण चुघ ,तुषार गर्ग ,गगन ग्रोवर, मनीष कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# शाहनूर बने मानवाधिकार जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष

गदरपुर(उद संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष पद पर गदरपुर शहर के युवा शाहनूर अली को नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर तमाम लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शाहनूर अली ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अकील खान ने उधमसिंह नगर में संगठन का विस्तार करते हुए उन्हें उधमसिंह नगर जिला के जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार जर्नलिस्ट एसोसिएशन में कर्मठ और जुझारु युवाओं को जोड़ा जा रहा है, जो पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना अहम योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि संगठन से जुड़े पदाधिकारी समाज से जुड़े हुए जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता से उजागर करें और जनहित से जुड़ी



समस्याओं को शासन और प्रशासन के सामने प्रमुखता से रखें। वहीं शम्मी मेहर उपाध्यक्ष उत्तराखंड द्वारा भी संगठन को बनाकर मजबूत किया जा रहा है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शाहनूर अली ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है वह उसका ईमानदारी से निर्वहन करेंगे और समाज में फैली कुरितियों को दूर करने के लिए वह अपना संपूर्ण योगदान देंगे तथा शासन और प्रशासन के समक्ष जनहित से जुड़ी बातों को प्रमुखता से उठाएंगे। शाहनूर अली के जिला अध्यक्ष बनने पर वलविंदर कौर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उत्तराखंड, जी०एस०मिश्रा राष्ट्रीय महासचिव, एडवोकेट ललिता बुद्धा कानूनी सलाहकार, गुलबहार राव राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, विश्वजीत कुमार सिंह प्रदेश मीडिया प्रभारी उत्तराखंड, फरीदा जिला वर्किंग चेयरमैन,शरीफ जहां मेहर स्टेट उत्तराखंड सेक्रेटरी, फैसल अली जिला वाइस अध्यक्ष, मोहम्मद शाहरुख जिला वाइस प्रेसिडेंट ,गुरमीत कौर जिला सीनरी वाइस प्रेसिडेंट,राजेंद्र कुमार जिला वाइस प्रेसिडेंट,नवीन खान जिला जनरल सेक्रेटरी ,अवधेश नारायण तिवारी जिलाध्यक्ष नैनीताल, जुल्फिकार अली मेहर जिला सीनियर सेक्रेटरी, सलाउद्दीन जिला कोऑर्डिनेटर साहित अनेक शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी।

# बैलपड़ाव की ग्राम सभाओं को हल्द्वानी मंडी से जोड़ने का किया विरोध

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बैलपड़ाव न्याय पंचायत का एक प्रतिनिधिमंडल व्यापार मंडल रामनगर अध्यक्ष व भाजपा नेता विपिन कांडपाल के नेतृत में उत्तराखंड मंडी परिषद अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू से हल्द्वानी में उनके आवास पर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने अनिल डब्बू के समक्ष मांग उठाई की बैलपडाव न्याय पंचायत की 11 ग्राम सभाएं जो पूर्व से रामनगर मंडी के क्षेत्र में चली आ रही थी उनको अचानक से हटाकर हल्द्वानी मंडी में जोड़ दिया गया जिसका प्रतिनिधि मंडल ने विरोध किया। अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर कहा कि इन ग्राम सभाओ को पुनः रामनगर मंडी में जोड़ा जाए। क्योंकि रामनगर मंडी नजदीक की मंडी पड़ती है और पूर्व से ही यहीं पर अपने फल, सब्जी, साग, अनाज, आदि का विक्रय करते हैं। बाजार भी रामनगर नजदीक है हल्द्वानी हमें बहुत दूर पड़ता है।इस पर



मंडी अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि वह जल्दी ही समस्याओं का निराकरण करेंगे। अध्यक्ष का सभी किसान काश्तकारों व प्रतिनिधि मंडल ने धन्यवाद अदा किया। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धर्म दत्त सती, विपिन कांडपाल, नैनीताल डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक एनएसबी डायरेक्टर सुरेंद्र सिंह बोरा, पूर्व प्रधान हेम पाठक, ग्राम प्रधान माया गोस्वामी, राजेंद्र सिंह बिष्ट, मयंक सती, मोहन तिवारी, पीतांबर तिवारी, शोभा कांडपाल आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने किए 3 वारंटी गिरफ्तार


गदरपुर(उद संवाददाता)। वारंटियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के अंतर्गत थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान थाना गदरपुर के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र से 3 वारण्टियों को गिरफ्तार माननीय न्यायालय मे पेश किया गया । वारंटियों में मनोज



कुमार पुत्र मेवा लाल निवासी करतारपुर रोड वार्ड न01 थाना गदरपुर उ0सि0नगर,बृजेश कुमार पुत्र शिवनाथ निवासी ग्राम अमरपुरी गुमच्च्यैया थाना गदरपुर उ0सि0नगर,अख्तर पुत्र बाबू निवासी डोंगपुरी थाना गदरपुर उधम सिंह नगर थे । पुलिस टीम में उप निरीक्षक बसन्त प्रसाद,कानि0 दिगम्बर सिंह एवं रि0 आरक्षी संजय कुमार शामिल रहे।

# बिजली मूल्य बढ़ाकर सरकार ने किया जनता से छलावा: सुनीता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महानगर कांग्रेस कमेटी सचिव श्रीमती सुनीता आर्य ने जारी एक बयान में कहा है डबल इंजन की सरकार ने जनता के साथ बड़ा छलावा



किया है। लोकसभा चुनाव के मतदान के तुरंत बाद ही बिजली की दरों में 6.92 प्रतिशत की बढ़ातेरी कर दी गई। उन्होंने कहा कि पहले से महंगाई की मार झेल रही जनता को बिजली के बिल में भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ सहन करना होगा। आम जनता की समस्याओ का समाधान करने के लिए इस सरकार का कोई सरोकार नहीं रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर गरीब व मध्यम वर्ग के परिवारों पर आर्थिक बोझ से राहत दिलाने के बजाय उन पर और ज्यादा बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज विभाग द्वारा बिजली की दरों में काफी अधिक बढ़ोतरी कर दी गई है। ऐसे में ऊर्जा प्रदेश होने के बावजूद बिजली उपभोक्ताओं को इसका लाभ नही मिल पा रहा है। बार बार विद्युत दरें बढ़ा कर राज्य की जनता के साथ धोखा किया जा रहा है। भाजपा सरकार आम जनता की जेब काटने में लगी है। सरकार ने उपभोक्ताओं के विद्युत बिल में फिक्स चार्ज को भी बढ़घया है। सरकार को विद्युत मूल्य में की वृद्धि को वापस लेना होगा अन्यथा कांग्रेस कार्यकर्ता इसके खिलाफ आम जनता को साथ लेकर आंदोलन शुरू कर देंगे।

# रिश्वत में प्लॉट नहीं देने पर किया जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मशीनरी व मजदूरी का लाखों रूपयें का भुगतान देने के एवज में प्लॉट न देने पर फैक्ट्री के अकाउंट डिपार्मेंट के हेड द्वारा एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर देने का मामला सामने आया है। दर्ज रपट में बाबूलाल पटवारी पुत्र स्वर्गीय सूरजमल पटवारी निवासी एलाइंस कॉलोनी का कहना है कि उसका ठेका विगत लगभग 25 साल से सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल लालकुआं में चलता आ रहा है। जिसमें वह मजदूर और मशीनरी की सर्विस देता है। जिसमें उसकी मशीनरी व मजदूरी का भुगतान लाखों में बकाया बचा है। जब उसने सेंचुरी पल्प एंड पेपर में लालकुआं के हेड एकाउंट डिपार्टमेंट में बकाया धनराशि के भुगतान हेतु संपर्क किया गया, तो अकाउंट डिपार्मेंट के हेड संजय धानुका निवासी सीपीसी सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल लालकुआं ने लेनदेन के संबंध में उसके साथ एक मीटिंग की। जिसमें संजय धानुका द्वारा उससे रिश्वत के तौर पर 50 लाख रुपए के प्लॉट की मांग की गई और कहा अगर उसे एक प्लॉट दिलवा दोगे तो भुगतान में कोई परेशानी नहीं होने दिया जाएगा। बाबूलाल का कहना है कि उसने प्लॉट दिलाने से मना कर दिया और अपने भुगतान को लेने के लिए कंपनी को मेल किया। जिससे संजय धानुका उससे रंजिश रखने लगा। बाबूलाल का आरोप है कि 18 अप्रैल को संजय धानुका और अन्य लोग एलाइंस कॉलोनी आए और उसे रास्ते में रोक कर उस पर लात घूसों व डंडों से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया।

# लोकसभा चुनाव से पहले जनता को दिया करंट का झटका: बेहड़

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अभी लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण ही समाप्त हुआ है और पांच चरण बाकी हैं। लेकिन लोकसभा चुनाव संपन्न होने से पहले ही उत्तराखंड में लोगों को बहुत जोर से करंट का



झटका लग गया है। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक सौरव राज बेहड़ ने जारी बयान में कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य के विकास और गरीबों को उत्थान के लिए निरंतर बयान बाजी करते रहते हैं, लेकिन जिस प्रकार से इस राज्य के लोगों को सरकार ने बिजली का झटका दिया है वह अब राज्य की जनता को हजम नहीं हो रहा। जारी बयान में बेहड ने कहा कि राज्य सरकार ने आम उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में 7% तक इजाफा कर दिया है, जबकि चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री धामी और प्रधानमंत्री मोदी ने यह कहा था कि राज्य सरकार को शून्य दरों पर बिजली उपलब्ध कराई जाएगी, ऐसे में लोकसभा चुनाव के भीतर ही जिस प्रकार से बिजली की दरों में इजाफा किया गया है वह लोगों की भावनाओं पर कुठाराघात है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सदैव जनता के हितों के साथ खिलवाड़ किया है जिसे अब जनता भली-भांति समझ चुकी है ।उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देश के मेहनतकश लोगों का राज्य माना जाता है, जहां कठिन परिस्थितियों में लोग अपने जीवन का यापन करते हैं ऐसे में बिजली के दरों में इजाफा करना उनके साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार दो चरण के मतदान के बाद ही अपनी हार को देखकर बौखला चुकी है ।अभी इस देश में पांच चरणों का चुनाव होना है ऐसे में भाजपा हर राज्य पर कोई ना कोई कुठाराघात करेगी, जो अब उत्तराखंड के साथ नजर आ रहा है।

# बिजली के दरो में वृद्धि कर जनता की जेब में डाका डाल रही डबल इंजन सरकार: सुमित

हल्द्वानी। विधायक सुमित हृदयेश ने जारी बयान में कहा है कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने आम जनमानस के साथ बहुत बड़ा छलावा किया है। लोकसभा चुनाव के मतदान के तुरंत कुछ दिनों बाद ही बिजली की दरों में 6.92 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी गई है। जिससे आम जनमानस बहुत त्रस्त हो चुका हैं। आमदनी में लगातार गिरावट और बेतहाशा बढ़ती हुई चौतरफा महंगाई की मार के बाद अब उपभोक्ताओं को यह बिजली के बिल में बढ़ोतरी का अतिरिक्त बोझ भी सहन करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आम जनमानस की समस्याओं से सरकार का कोई लेना देना नही। आर्थिक रूप से टूट चुके गरीब, मध्य वर्ग को इस प्रस्तावित अतिरिक्त बोझ से राहत देने के लिए प्रदेश सरकार तत्काल उपाय निकाल कर आम जनता को राहत देने का काम करना चाहिए। विधायक सुमित हृदयेश ने सरकार को निरंकुश बताते हुए कहा कि पहाड़ो में लगी भीषण आग के समाधान के लिए भी सरकार ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए है। सरकार गहरी नींद में सोयी हुई हैं और आम जनमानस हर तरफ से संकट ही संकट झेल रहा हैं। विधायक हृदयेश ने कहा कि इस वर्ष पानी का भी गहरा संकट आमजन को हो रहा है। पहाड़ो में पानी के श्रोत भी सूखते जा रहे है। सरकार इस विषय पर भी अपना ध्यान नहीं दे रही है। प्रदेश में हर तरफ पानी की किल्लत बढ़ती जा रही है। राज्य की सरकार को तुरंत ट्यूबेलो का इंतजाम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग कर जल संरक्षण करना चाहिए और जो ओवर हेड टैंक बनाए गए उनमें पानी भरना चाहिए। जिससे पानी का संकट कम हो सके। परंतु राज्य की सरकार तानाशाह रवैया अपनाते हुए अपनी धुन में चल रही है।

# मैग्नेसाइट फैक्ट्री में आग लगने से हुआ नुकसान



बागेश्वर ( उद संवाददाता)। यू तो कुमाऊँ के कौसानी को मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से जाना जाता है, यहां गर्मियों में पर्यटकों की काफी भीड़ रहती है, पर वनों में लगी आग से पर्यटन नगरी के रोजगारपर भी इसका असर पड़ रहा है।कौसानी में जंगल मे लगी आग अब पर्यटन नगरी के मुख्य बाजार कौसानी के समीप तक पहुंच गई है, कौसानी में कंट एरिया और कौसानी के होटलों तक वनों में लगी आग से मिनी स्विट्जरलैंड कौसानी में स्थानीय लोगो सहित व्यापारियों और पर्यटकों के लिए भी परेशानी का सबब बन गया है, एक तरफ पर्यटन नगरी में पर्यटकों की आवाजाही होने लगी है परंतु देशी विदेशी पर्यटक कौसानी में आग के धुएं की धुंध देख परेशान हो जा रहे हैं। पर्यटकों ने सरकार और जिला प्रशासन से मिनी स्विट्जरलैंड को स्वच्छ और हिमालय की वादियों को वनाग्नि की घटनाओं पर कमी लाने की अपील की है।वही कुमाऊ की सबसे बड़ी औद्योगिक इकाई अल्मोड़ा मैग्नेसाइट के खान क्षेत्र के पास जंगल मे लगी आग से काफी नुकसान हुआ है।वही आग लगने से मैग्नेसाइट के स्टॉक पंजिका सहित अन्य दस्तावेज और कार्यालय परिसर में नुकसान होने की बात बताई जा रही है।वही अग्निशमन अधिकारी गोपाल सिंह रावत ने बताया कि मैग्नेसाइट और कौसानी के बाजार सहित आर्मी कंट इलाके में जंगल मे लगी आग के फैलने से काफी नुकसान हुआ है, वही फायर ब्रिगेड टीम द्वारा टीम भेजकर आग पर काबू पाया गया।

# फूलां रानी के निधन पर शोक व्यक्त, नेत्र दान किये

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। वैशाली कालोनी निवासी समाजसेवी सरदार महेन्द्र सिंह डंग की पत्नी श्रीमती फूलांरानी डंग का गत रात्रि आकस्मिक निधन हो गया वे 73 साल की थी। परिजनों ने उनकी इच्छा के मुताबिक उनके नेत्रदान किए। मुरादाबाद की डॉक्टर सी.एल.गुप्ता टीम ने नेत्रदान का संकल्प पूरा कराया। श्रीमती डंग गुरुघर की समर्पित सेविका थी उनके निधन पर पूर्व विधायक सदर राजकुमार ठुकराल ने गहरे दु:ख का इजहार करते हुए उनके निधन को रूद्रपुर शहर के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। लोकतन्त्र सेनानी सँघ ने भी उनके निधन को निहायत अफसोसनाक बताते हुए गहरे रंजोगम का इजहार किया। लोकतन्त्र सेनानी सुभाष चन्द्र छाबड़ा ने कहा कि श्रीमती फूलांरानी समाज की पथप्रदर्शक थी और हम सभी के प्रेरणादायक शख्सियत थी , समाजसेवी दिनेश बाठला ने कहा कि उनके जाने से एक युग का अंत हो गया समाजसेवी संजय ठुकराल ने कहा वे एक ममतामयी माता थी जिन्होंने हमे अपना बहुत स्नेह दिया, समाजसेवी रमेश मिड्ढा , ग्राम प्रधान रिंकी बाठला एडवोकेटधर्मेंद्र सिंह महेन्द्रसिंह ऐशपुजानी,सुमितसहगल ,बंटीराणा, कीमती राणा , राजेंद्र सिंह मक्कड़ ,राकेशसिन्हा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख दलजीतसिंह खुराना, इन्द्रजीत डंग, किशनलाल सहगल,ओमैक्स सोसायटी के महासचिव अभिनव छाबड़ा, समाजसेवी अनिल गाबा , सतनाम सिंह डंग, सिद्धार्थ भुसरी, अशोक चौहान, श्रीमती हरजीत कौर बाठला, वीरेन्द्र गगनेजा, एडवोकेट अनिल छाबड़ा समेत तमाम शख्सियतों ने भी दिवंगत फूलांरानी डंग को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# राज्यपाल को सौंपी वार्षिक रिपोर्ट

देहरादून( उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में शनिवार को उत्तराखण्ड विज्ञान, शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र (यूसर्क) की निदेशक प्रो. अनिता रावत एवं वैज्ञानिक डॉ. ओ.पी. नौटियाल ने भेंट कर वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में प्रतिभाशाली युवाओं की भरमार है। आवश्यकता है कि हम उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान करें। उन्होंने कहा कि इस दिशा में यूसर्क अच्छा कार्य कर रहा है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड



के बच्चों में एआई और टेक्नोलॉजी के प्रति विशेष लगाव है और विशेषकर हमारी बेटियां इस क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में कई बच्चे वंडर किड्स हैं, इन बच्चों को ढूंढकर हमें और अधिक अवसर देने होंगे।राज्यपाल ने कहा कि यूसर्क ने प्रदेश में स्टेम( साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ्स) लैब के क्षेत्र में संतोषजनक कार्य किया है। अब यूसर्क को एआई, स्पेस और साइबर जैसे क्षेत्रों में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की लैब प्रदेश में स्थापित करने का कार्य शुरू करना चाहिए जिससे प्रदेश के छात्रों को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा।

# इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून( उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में शनिवार को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के स्टेट हेड हेमंत राठौर एवं अन्य उच्चाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान राज्यपाल ने अधिकारियों से कहा कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को उनके छोटे एलपीजी सिलेंडर " छोटू और मुन्ना " की उपलब्धता उत्तराखण्ड के रिमोट क्षेत्रों में बढ़ाने की ओर कार्य करना चाहिए। राज्यपाल ने अधिकारियों को कहा कि भारतीय सेना के



जो भी शहीद परिवार पेट्रोल पंप या एजेंसी प्राप्त करने से छूट गए हैं उन्हें नियमानुसार लाभान्वित किया जाए साथ ही राज्यपाल ने कहा कि आईओसीएल को उत्तराखण्ड में रिसर्च और सेमिनार आयोजित कराने चाहिए। इस अवसर पर आईओसीएल के अधिकारियों ने राज्यपाल को अवगत कराया कि उन्होंने सितारगंज में 300 करोड़ की लागत से एलपीजी गैस सिलेंडर का बॉटलिंग प्लांट स्थापित किया है।

# दो दोस्तों को पीटने वाले दो नाबालिग समेत चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

रुद्रपुर। छह दिन पहले ट्रांजिट कैंप में दो दोस्तों को पीटने के साथ ही एक दोस्त को चाकू मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में दो नाबालिग भी शामिल हैं। ट्रांजिट कैंप के आई ब्लॉक निवासी गौरव निषाद ने थाने में तहरीर दी। कहा कि वह अपने दोस्त विनीत राय के साथ 21 अप्रैल 2024 की रात स्कूटी से जा रहा था। मुखर्जी नगर स्थित पुल पर चार लोगों ने उन्हें घेरा और जान से मारने की नियत से उसके सिर और पेट पर चाकू से वार कर दिए। एसएचओ भारत सिंह ने बताया कि शुक्रवार को आरोपी सुखदेव विश्वास और अभिजीत विश्वास निवासीगण वार्ड पांच जगतपुरा को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया है। दोनों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। बताया कि घटना में शामिल दो नाबालिगों को न्यायालय में पेश कर बाल सुधार गृह भेजा है।

## रात्रि विश्राम के लिए खटीमा पहुंचे सीएम धामी

खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार शाम खटीमा पहुंचे। लोहियाहेड स्थित हेलीपेड पर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसके बाद रात्रि विश्राम के लिए कालापुल नगला तराई स्थित अपने आवास के लिए रवाना हुए। सीएम धामी रविवार को बनबसा रवाना होंगे। इसके बाद झनकट में किसी विवाह समारोह में भी शामिल होंगे। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान संपन्न होने के बाद शाम करीब छह बजे सीएम धामी लोहियाहेड स्थित हेलीपेड पहुंचे। इस दौरान सीएम ने सभी कार्यकर्ताओं के हालचाल पूछे। इसके अलावा हेलीपेड पर पहुंचे लोगों की समस्याएं भी सुनीं। इस दौरान कमल जिंदल, अमित पांडेय, मनोज बाधवा, किशन सिंह किन्ना आदि मौजूद रहे।




## पेज एक का शेष...

**पर्यटकों की कार ....**थे। शनिवार रात वह चेक आउट के बाद धूरा से लैंसडौन वापसी कर रहे थे। इस दौरान उनकी कार बंशीघाट शमशान घाट के पास मोड़ पर अनियंत्रित होकर 10 मीटर गहरे खड्डे में गिर गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची लैंसडौन पुलिस ने रेस्क्यू कर घायलों को खड्डे से बाहर निकाल कर छावनी चिकित्सालय पहुंचाया। यहां से घायलों को प्रथम उपचार के बाद कोटद्वार चिकित्सालय रेफर किया गया। लेकिन उपचार दौरान तीन वर्षीय बालिका शानू चली गई।

**रंगदारी प्रकरण को लेकर ...**ही किसी ने रंगदारी मांगी और ना ही मैने किसी से रंगदारी की मांग की। राजेश ने कहा कि गलतफहमी और एक नेता के कहने के कारण ही यह सब विवाद उत्पन्न हुआ। राजेश का यह बयान जनमानस में चर्चा का विषय बना हुआ है क्योकि पूर्व में सोशल मीडिया में वायरल हुई आडियो क्लिप से उलट यह कहानी किसी के गले नही उतर रही है। बहरहाल ऑडियो क्लिप के वायरल से शुरू हुआ यह प्रकरण राजेश सिंह के वीडियो संदेश के बाद अब शांत होता जरूर नजर आ रहा है लेकिन इसको लेकर जनमानस के बीच चर्चाओं का बाजार अवश्य गरम है।

**आतंक का प्रयाय बनी..**के डर से खेतों में नहीं जा पा रहे थे,जबकि उनकी गेहूं की फसल खेतों में तैयार खड़ी है। ग्रामीणों ने वन विभाग से बाघ को गोली मारने या पकड़ने की मांग की थी। तब से ही बाघ को पकड़ने की कॉर्बेट प्रशासन द्वारा कोशिश की जा रही थी। चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन से अनुमति मिलने के बाद से ही कॉर्बेट प्रशासन ने बाघ को पकड़ने के लिए घटनास्थल के आस पास पिंजरा लगा दिया था। साथ ही ड्रोन के जरिए वन विभाग के कर्मचारी लगातार निगरानी रख रहे थे,साथ ही कॉर्बेट पार्क के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ दुष्यन्त शर्मा और उनकी टीम तब से ही बाघ को ट्रेंकुलाइज करने को लेकर प्रयासरत थे। रविवार सुबह कड़ी मशक्कत के बाद बाघ को ट्रेंकुलाइज कर लिया गया। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक दीगांत नायक ने बताया कि सुबह बाघ को ट्रेंकुलाइज कर लिया गया है,उन्होंने कहा कि उक्त युवक के सैंपल बाघ से मैच कराने को लेकर सैंपल सीसीएमबी हैदराबाद भेजे गए हैं, इसके बाद स्पष्ट हो पाएगा कि उक्त किसान को निवाला बनाने वाला जिम्मेदार बाघिन यही है या नहीं। उन्होंने कहा कि बाघ को ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू सेंटर ढेला में रखा गया है,उन्होंने कहा कि बाघिन स्वस्थ है साथ ही उसकी उम्र दो से तीन वर्ष है।

**प्याज सप्लाई के नाम...** व उसकी फर्म मैसर्स ग्लोबल लाईजेनिंग वैंचर के पास प्याज उपलब्ध नहीं रहा है और उसके साथ सुनियोजित षडयंत्र के तहत ध ोखाधडी व ठगी कर 31,03,431 रुपये की धनराशि हडप ली है। अभिजीत घोष द्वारा कोई कार्यवाही करने पर उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**ट्रक का टायर...**लगा। जब वह पंचर टायर को खोल रहा था तभी अचानक साथ वाला टायर तेज धमाके के साथ फट गया। जिससे वहां बैठा बॉबी गंभीर रूप से घायल हो गया और कुछ ही देर में उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। धमाके की आवाज पर वहां लोगों की भीड़ जुट गई। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लिया और उसके परिजनों को घटना की जानकारी देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी आ गये और उनमें कोहराम मच गया। बताया जाता है कि मृतक चालक की पत्नी, दो पुत्र व एक पुत्री है।

**आपे से बाहर हैं...**एक परिजन ने बदसलूकी शुरू कर दी। वह तमाम समझाने के बावजूद प्रेस कार्ड मांगने लगा। झगड़ा फसाद पर उतारू हो गया। मौके पर मौजूद चौकी इंचार्ज कटोरा ताल विपुल जोशी से जब पत्रकार ने शिकायत की तो उन्होंने हाथ खड़े करते हुए पहचानने से इनकार कर दिया। कहां कि पोस्टमार्टम हाउस से न्यूज कवर करने का कोई नियम नहीं है। संवाददाता ने तत्काल मोबाइल फोन पर इसकी शिकायत सीओ तथा कोतवाल से की लेकिन दोनों ही अधिकारियों ने मामले में कोई गंभीरता नहीं दिखाई।




**नहाते समय गंगा...**ऋषिकेश घूमने आया था। ये सभी लोग लक्ष्मण झूला क्षेत्र में गंगा में नहाने गए थे। इस दौरान तेज बहाव की चपेट में आने से एक युवक और युवती डूब गए। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की वहां पहुंची और उनकी तलाश में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

# अल्मोड़ा में रिफ्रेशर ट्रेनिंग कोर्स संपन्न

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशन एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अल्मोड़ा श्रीकांत पाण्डेय जी के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अल्मोड़ा शचि शर्मा एवं प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड, अल्मोड़ा रवीन्द्र देव मिश्र द्वारा किशोर न्याय भवन सभागार में एसजेपीयू/जे जे बी /सीडब्ल्यूसी व अन्य स्टेक ध ारकों का रिफ्रेशर ट्रेनिंग कार्यक्रम व मासिक बैठक का आयोजन किया गया,जिसमें जे.जे. अधिनियम, जे.जे नियमों, बाल अधिकारों के विषय में प्रशिक्षण दिया गया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# गोरखधंधे का पैसा अपने भाई परमेंद्र के खाते में जमा करता था बनमीत नरूला

हल्द्वानी। इंटरनेशनल ड्रग माफिया बनमीत नरुला के भाई परमेंद्र सिंह नरुला को ईडी ने 20 घंटे की कार्रवाई के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को देहरादून स्थित स्पेशल ईडी कोर्ट में पेश किया गया। आरोपी की 14 दिन कस्टडी रिमांड मांगी गई, लेकिन कोर्ट ने सात दिन की मंजूर की है। अब ईडी सात दिनों तक आरोपी परमेंद्र सिंह नरुला से पूछताछ करेगी। परमेंद्र सिंह पर आरोप है कि उसने अपने भाई के पैसों को काले से सफेद करने में मदद की थी। उसके दुबई, अमेरिका और अन्य कई देशों में बैंक खाते थे। बता दें कि वर्ष 2019 में बनमीत को लंदन से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद मार्च 2023 को उसे अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया। अमेरिका में कोर्ट कार्यवाही के बीच उसने अपना जुर्म कुबूल कर लिया था। ऐसे में अमेरिकी कोर्ट ने उसे पांच साल कैद और 150 मिलियन डॉलर जब्त करने की सजा सुनाई थी। यह रकम उसने करीब 10 सालों में अपने अवैध कारोबार से कमाई थी। इस बीच भारतीय जांच एजेंसियों ने भी बनमीत की जांच जारी रखी। पता चला कि वह अपने इस गोरखधंधे का पैसा अपने भाई परमेंद्र सिंह नरुला के खाते में जमा करता था। इस बिंदु पर जांच करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को नरुला परिवार के घर हल्द्वानी में छापा मारा था। इस छापे में नरुला परिवार के घर की तलाशी ली गई। वहां पर अलमारियों और अन्य जगहों से महत्वपूर्ण दस्तावेज भी हासिल किए गए। करीब 20 घंटे चली छापे की इस कार्रवाई के बाद ईडी ने बनमीत के भाई परमेंद्र सिंह नरुला को गिरफ्तार कर लिया। ईडी से मिली जानकारी के अनुसार परमेंद्र के दुबई, सिंगापुर, अमेरिका आदि देशों में कई बैंक खाते थे। इन खातों में बनमीत नरुला डॉलर और अन्य विदेशी मुद्रा में धन जमा करता था। इसके बाद वह दुबई में रहकर इस धन को वहां की मुद्रा में और फिर उसे भारतीय मुद्रा में बदलकर विभिन्न जगहों पर निवेश करता था। इस तरह से उसने बनमीत के अवैध कारोबार से कमाए गए धन की लॉन्ड्रिंग कर उसे सफेद बनाने करने का काम किया। बताया जा रहा है कि सात दिन की पूछताछ के बाद ईडी इस मामले में संपत्तियों को अटैच करने की कार्रवाई करेगी।



# पुलिस पर लगाया एकतरफा कार्यवाही करने का आरोप

## नानकमत्ता की महिला ने सीएम को लिखा पत्र

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र की पुलिस पर एकतरफा कार्यवाही का आरोप लगाते हुये महिला ने प्रदेश के मुख्यमंत्री समेत पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।थाना क्षेत्र की ग्राम पक्की खमरिया निवासी जसप्रीत कौर पत्नी लखविन्द्र सिंह निवासी ग्राम बिजली कालौनी की महिला ने मुख्यमंत्री व पुलिस अधिकारियों को दी शिकायत में कहा है कि पुलिस एकतरफा कार्यवाही कर न्याय दिलाने के बजाये पीड़िता के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर रही है। जसप्रीत कौर ने सीएम समेंत पुलिस के उच्चधिकारियों को शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि सुखदेव सिंह पुत्र गुरमीत सिंह निवासी पक्की खमरिया व उसके पिता गुरमीत ने अपनी जरूरत वास्ते मेरे पति लखविन्द्र से 3 लाख 80 हजार रूपये लेकर अपनी जमीन गिरबी रखी थी। आरोप है कि बिना पैसे वापस दिए 20 अप्रेल को सुखेदव सिंह व कुलवंत कौर ने बलदेव सिंह ने एक राय होकर गिरबी रखी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया तो हमने पुलिस ने गुहार लगाई , पुनः 27 अप्रैल को भी उक्त लोगों ने जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया तो हमने पुलिस से गुहार लगाई। लेकिन पुलिस ने फर्जी रिर्पोट पर एकतरफा कार्यवाही कर हमारे खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर दिया है। महिला ने शिकायती पत्र भेजकर उच्चधिकारियों से कार्यवाही से अपनी दी शिकायत पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।



# बाइक से टक्कर मारने के बाद स्कूटी सवार को पीटा

सितारगंज।बाइक सवार दो युवकों ने स्कूटी सवारी को टक्कर मारने के बाद मारपीट की। हमले में युवक के सिर में चोट लगी हैं। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर दिया है। अश्वनी बिष्ट पुत्र बसंत निवासी लमगड़ा अल्मोड़ा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि 26 अप्रैल की शाम में दोस्त कादिर के साथ स्कूटी में सवार होकर मुख्य चौराहा स्थित जूस कॉर्नर की दुकान में जा रहे थे। तभी बाइक से पहुंचे दीप निवासी एक्सिस बैंक, अदनान ने पीछे से उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। इसके बाद हमलवारों उसके सिर पर हमला कर दिया। हमले में उसके सिर पर चोट लगी है। हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी दी ।

# भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री और सीएम से मिले सुरेश गंगवार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भाजपा नेता सुरेश गंगवार ने नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय महामंत्री के साथ वर्तमान राजनैतिक हालातों को लेकर चर्चा की। वहीं खटीमा में सुरेश गंगवार ने आज सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। भाजपा में शामिल होने के बाद श्री गंगवार की यह पहली बार मुलाकात है।



# बस्ता रहित दिवस पर आयोजित हुई प्रतियोगिताएं

नानकमत्ता( उद संवाददाता)।विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक दया शंकर शर्मा ने राजकीय पूर्व प्राथमिक विद्यालय तपेड़ा नानकमत्ता में बच्चों के साथ 'बस्ता रहित दिवस' पर उनके द्वारा किए गए रचनात्मक कार्यों ड्राइंग, पेंटिंग, लिफाफा बनाना, कुशन बनाना आदि का अवलोकन किया तथा उनको कुछ दिशा निर्देश भी दिए। दयाशंकर शर्मा द्वारा बच्चों को वेस्ट मटेरियल से फ्लावर पॉट गमले लिफाफा



कलमदान आदि बनाना भी सिखाया गया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा अंताक्षरी प्रतियोगिता, विलोम शब्द प्रतियोगिता आदि का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक दया शंकर शर्मा शिक्षिका श्रीमती सुमन लता मंदोला, श्रीमती सीमा कंचन भोजन माता बसंती देवी, मनवाती एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

# वंदेमातरम ग्रुप ने पुलिस की मदद से खोये बालक को परिजनों से मिलवाया

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। वन्देमातरम ग्रुप के सदस्यों ने सूझ बूझ से खोये बालक को पुलिस की मदद से परिवार तक पहुंचा दिया। जानकारी के मुताबिक शनिवार देर रात वन्देमातरम ग्रुप के सदस्य अंकुर को ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में एक बालक घूमता हुआ मिला। बालक परिजनों से बिछड़ गया था और परिवार के बारे में कुछ नहीं बता पा रहा थ्ज्ञा। जिस पर अंकुर ने कैम्प थाने में जाकर बच्चे को पुलिस के सुपुर्द



कर दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसआई के एस पंत ने छानबीन करके बच्चे के माँ बाप का पता लगाया और माँ बाप को चौकी बुलाकर बच्चे को सही सलामत उन्हें सौंप दिया। थाना पुलिस ने वन्देमातरम ग्रुप के सदस्य अंकुर और संस्थापक संजय कुमार की सराहना की। और बालक के परिजनों ने दोनों का आभार व्यक्त किया।

# 50 लीटर शराब एवं शराब बनाने के उपकरणों सहित दो गिरफ्तार

गदरपुर( उद संवाददाता)। अवैध कच्ची शराब की बिक्री करने व बनाने वाले दो लोगों को 50 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब कसीदगी के उपकरणों के साथ गिरफ्तार करके जेल भेजा। थाना पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम तेजा फौजा से मजार से आगे झाड़ियों के पास से गुरबाज सिंह पुत्र कश्मीर सिंह एवं जरनैल सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासीगण वार्ड नं 05 तेजा फौजा थाना गदरपुर को 50 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा शराब कसीदगी के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम द्वारा मौके पर 6000 लीटर लाहन को नष्ट किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान,उ0नि0 मुकेश मिश्रा,का.मनोज कुमार,ललिता प्रसाद एवं होमगार्ड दीपक शर्मा शामिल थे।

